an>

Title: Need to widen NH-548 C/NH-63 in Maharashtra -laid.

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद): टेंभूर्णी-कुर्दूवाडी-बार्शी-येडशी महाराष्ट्र N.H.548 C/NH-63, राजमार्ग का बहुतांश भाग मेरे संसदीय क्षेत्र उस्मानाबाद (धाराशिव) से होकर मुंबई जाता है और सोलापुर-उस्मानाबाद और लातूर जिले का सीधा परिवहन इस राजमार्ग से ही अधिकांश रूप में होता है तथा यह राजमार्ग मराठवाड़ा और पश्चिम महाराष्ट्र के बीच परिवहन का मुख्य मार्ग है । इस राजमार्ग का 163 किलोमीटर में से 101 किलोमीटर का भाग मेरे चुनाव क्षेत्र से होकर जाता है । इस राजमार्ग की स्थिति परिवहन के लिए अनुकूल नहीं है । टेंभुर्णी-बार्शी राजमार्ग संकीर्ण होने के कारण इस राजमार्ग पर अपघात की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है ।

येडसी से लातूर की सड़क 15 नीटर चौड़ी बनाई जा रही है और टैंभूर्णी से येडसी तक 10 मीटर चौड़ी करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है । यहाँ पर बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने एवं क्षेत्रीय जनता की सुविधा के लिए इसमें बदलाव कर इसे 15 मीटर चौड़ा करना आवश्यक है ।

अतः क्षेत्रीय जनता की माँग तथा प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि महाराष्ट्र NH-548 C/NH-63 राजमार्ग को टेंभूर्णी से येंडसी तक 15 मीटर तक चौड़ा करने की कृपा करें ।